Regarding ensuring of fertilizer supply to small farmers in UP

श्री नीरज मौर्य (आंवला) **:** माननीय सभापति महोदया, धन्यवाद ।

सभापति महोदया, आपने मुझे लोक महत्व के महत्वपूर्ण मुद्दे में अपनी बात रखने का अवसर दिया है । हमारे आंवला क्षेत्र में, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश में जो छोटे कृषक हैं, जिनके पास कम खेती है, जो बेचारे किसी तरह से अपना जीविकोपार्जन करते हैं, उनके लिए खाद नहीं मिल पा रही है ।

सभापति महोदया, हमारे जो पिछड़े भाई हैं, दलित भाई हैं, कमजोर लोग हैं, पीडीए के लोग हैं, वे एक-एक बोरी खाद के लिए लाइनों में लगते हैं, लेकिन, पता लगा कि सारी खाद सामंतवादियों के यहां जा रही है ।

मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करूंगा कि केंद्र सरकार उत्तर प्रदेश में खाद की आपूर्ति सुनिश्चित कराए । इसी के साथ वे छोटे किसान, जो खाद नहीं पा रहे हैं, उन तक खाद कैसे पहुंचे, यह व्यवस्था भी सरकार कराए । ये पीडीए के लोग जिस तरह वर्ष 2024 में इकट्ठा हुए थे, वैसे ही वर्ष 2027 में भी इकट्ठा होंगे, यह सरकार जान ले ।

आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।